## CBSE Test Paper 04

### Ch-3 व्याकरण समास

---

1. नवरात्रि
    a. नव की रातें –तत्पुरुष समास
    b. नौ रातों का समूह – द्वंद्व समास
    c. नई रात्रि –कर्मधारय समास
    d. नौ रात्रों का समाहार – द्विगु समास
2. नीलकंठ
    a. नीला है कंठ जिसका अर्थात शिव-कर्मधारय समास
    b. कंठ में नील- कर्मधारय समास
    c. नीला है जो कंठ-कर्मधारय समास
    d. कंठ जो नील के समान है - कर्मधारय समास
3. बसचालक
    a. बस को चलाने वाला- तत्पुरुष समास
    b. बस का चालक –कर्मधारय समास
    c. बस का चालक है जो- तत्पुरुष समास
    d. बस के लिए चालक – कर्मधारय समास
4. I. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए
        i. यथामत
        ii. महादेव
        iii. घनश्याम
    II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-
        i. वन में वास
        ii. गुण और दोष
        iii. नीलीगाय
5. I. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए
        i. प्रतिदिन
        ii. पंचतन्त्र
        iii. राहखर्च
    II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-
        i. सात सौ पदों का समूह
        ii. विद्युत् जैसी चंचला

iii. निर्गत है धन जिससे

6. I. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए-
    i. हथघड़ी
    ii. ईश्वरदत्त
    iii. प्रसंगानुसार

   II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-
    i. गृह को आया हुआ
    ii. आराम के लिए कुर्सी
    iii. दिन की चर्या

7. I. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए-
    i. ईश्वरदत्त
    ii. यथाशक्ति
    iii. अपना-पराया

   II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-
    i. नहीं है रहम जिसमें
    ii. दाल और रोटी
    iii. दो सूतों के मेल का

8. I. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए-
    i. जलवायु
    ii. नेत्रहीन
    iii. प्रतिदिन

   II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-
    i. जो बल के साथ है
    ii. तीन भुवनों का समाहार
    iii. माँ और बाप

**CBSE Test Paper 04**

**Ch-3 व्याकरण समास**

## Answer

1. d. नौ रात्रों का समाहार – द्विगु समास, **Explanation:** यह विकल्प सही है क्योंकि इस समास में पहला पद संख्यावाची होता है और समस्त पद किसी समूह विशेष का बोध करवाता है तो यह नव- नौ अर्थात संख्या है और नवरात्रि – नौ रातों का समूह|
2. c. नीला है जो कंठ-कर्मधारय समास, **Explanation:** यह विकल्प सही है क्योंकि पहले विकल्प में दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य का संबंध है और उत्तर पद 'कंठ' मुख्य है जिसकी विशेषता पूर्व पद' नीला' में बताई जा रही है |
3. a. बस को चलाने वाला- तत्पुरुष समास, **Explanation:** यह विकल्प सही है क्योंकि प्रस्तुत शब्द में द्वितीय शब्द प्रधान है और 'को' परसर्ग( कर्म तत्पुरुष-को) का भी प्रयोग किया गया है जोकि तत्पुरुष समास में ही प्रयुक्त होता है |
4. I. i. यथामत - मत के अनुसार ( जैसा मत हों) (अव्ययीभाव समास)
   ii. महादेव - महान है जो देव -(कर्मधारय समास)
   महादेव - देव है महान जिसका अर्थात भगवान शंकर जी -(बहुव्रीहि समास)
   iii. घनश्याम - घन के समान काला/श्याम - (कर्मधारय समास)
   II. i. वन में वास = वनवास ( सप्तमी /अधिकरण तत्पुरुष समास)
   ii. गुण और दोष = गुण-दोष (द्वंद्व समास)
   iii. नीलीगाय = नीलगाय (कर्मधारय समास) ( विशेषण विशेष्य का संबंध)
5. I. i. प्रतिदिन = प्रत्येक दिन / हर दिन (अव्ययीभाव समास)
   ii. पंचतन्त्र = पांच तंत्रों का समूह / पाँच तंत्रों का समाहार (द्विगु समास)
   iii. राहखर्च = राह के लिए खर्च ( चतुर्थी/ संप्रदान तत्पुरुष समास)
   II. i. सात सौ पदों का समूह = सतसई ( सात सौ पदों का समाहार )(द्विगु समास)
   ii. विद्युत् जैसी चंचला = विद्युतचंचला (उपमेय/ उपमान ) (कर्मधारय समास)
   iii. निर्गत है धन जिससे = निर्धन (तत्पुरुष समास)
6. I. i. हाथ के लिए घड़ी - संप्रदान तत्पुरुष
   ii. ईश्वर द्वारा दत्त - करण तत्पुरुष
   iii. प्रसंग के अनुसार - संबंध तत्पुरुष
   II. i. गृहागत - कर्म तत्पुरुष
   ii. आरामकुर्सी - संप्रदान तत्पुरुष
   iii. दिनचर्या - संबंध तत्पुरुष
7. I. i. ईश्वरदत्त = ईश्वर द्वारा दत्त,ईश्वर के द्वारा दिया गया (चतुर्थी तत्पुरुष समास)

ii. यथाशक्ति = शक्ति के अनुसार (अव्ययीभाव समास)
iii. अपना-पराया = अपना और पराया (द्वंद्व समास)

II. i. रहम नहीं हैं जिसमें - बेरहम (बहुब्रीहि/अव्ययी भाव समास)
ii. दाल और रोटी = दाल -रोटी (द्वंद्व समास)
iii. दो सूतों का मेल = (दो सूतो का समाहार ) - दुसूती (द्विगु समास)

8. I. i. जलवायु = जल और वायु (द्वंद्व समास)
ii. नेत्रहीन = नेत्र से हीन (तत्पुरुष समास)
iii. प्रतिदिन = दिन-दिन (अव्ययीभाव समास)

II. i. जो बल के साथ है = सबल (बहुब्रीहि समास)
ii. तीन भुवनों का समाहार = त्रिभुवन (द्विगु समास)
iii. माँ और बाप = माँ-बाप (द्वंद्व समास)